newsjankalyanseva@gmail.com

साप्ताहिक

# जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - ८ | १३ से १९ मार्च २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

## राजनेताओं का आशिर्वाद

प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड से जुड़े एक और आरोपी के मारे जाने के बाद एक बार फिर सियासी बयानबाजियां शुरू हो गई हैं। इस हत्याकांड से जुड़ा यह दूसरा आरोपी था, जो पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया। किसी भी सभ्य समाज में अपराधियों की कोई जगह नहीं होनी चाहिए और इसे सुनिश्चित करना हर कल्याणकारी सरकार का दायित्व है। इस लिहाज से उत्तर प्रदेश पुलिस ने निश्चित रूप से तत्परता दिखाई और राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल को दिनदहाड़े गोली मारने वाले आरोपियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया। उसी कोशिश में वे दोनों मारे भी गए। चूंकि राजू पाल और उमेश पाल की हत्या के पीछे वजह राजनीतिक रंजिश बताई जाती है, इसलिए भी इन मुठभेड़ों को राजनीतिक रंग देने में आसानी हो गई है। मगर सवाल है कि जिस तरह उत्तर प्रदेश में अपराधियों ने आम लोगों को दहशत में जीने पर मजबूर किया है, उसमें उन्हें राजनीतिक संरक्षण में क्यों फलने-फूलने दिया जाना चाहिए। छिपी बात नहीं है कि आपराधिक प्रवृत्ति के बहुत सारे लोग कानूनी संरक्षण पाने के मकसद से किसी न किसी राजनीतिक दल का दामन थाम लेते और फिर न सिर्फ निर्भय होकर घूमते, बल्कि और दहशत फैलाना शुरू कर देते हैं। अच्छी बात है कि उत्तर प्रदेश पुलिस ऐसे लोगों के दहशत को खत्म करने का प्रयास कर रही है। छिपी बात नहीं है कि राजू पाल की हत्या इसलिए करा दी गई थी कि उन्होंने बाहुबली नेता अतीक अहमद को चुनौती दी और उनके निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीत गए थे। राजू पाल के परिजनों ने प्राथमिकी में स्पष्ठ आरोप लगाया था कि अतीक अहमद ने ही राजू पाल की हत्या कराई। उस घटना के इकलौते गवाह उमेश पाल थे। उनकी हत्या में भी अतीक अहमद के लोगों का ही हाथ बताया गया। जो भी अपराध की दुनिया से थोड़ा-बहुत परिचित हैं, वे अतीक अहमद की दबंगई से अच्छी तरह वाकिफ हैं। मगर अतीक अपने राजनीतिक रसूख की वजह से कानून की पकड़ से बचे रहे। अब उत्तर प्रदेश सरकार ने राजनीतिक संरक्षण में रहते हुए कानून के चंगुल से बचते आ रहे ऐसे तमाम आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू किया है, तो आम लोगों ने स्वाभाविक ही राहत की सांस ली है। मगर सत्तापक्ष के राजनीतिक विरोधियों को यह कड़ाई रास नहीं आ रही और ऐसी कार्रवाइयों के खिलाफ कोई न कोई तर्क जुटाने का प्रयास करते देखे जाते हैं। यह ठीक है कि पुलिस को किसी अपराधी को जान से मारने का अधिकार नहीं है, उसकी कुशलता इस बात में मानी जाती है कि वह अपराधी को पकड़ कर अदालत के सामने पेश करे। मगर जब कोई अपराधी पुलिस पर गोलियां दागनी शुरू कर दे, तो बचाव में पुलिस को भी गोलियां चलानी ही पड़ती हैं। उमेश पाल हत्याकांड में आरोपियों पर शिकंजा कसने के दौरान भी यही हुआ। इससे अपराधियों में यह संदेश बहुत कड़े ढंग से गया है कि ऐसी किसी भी हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। निश्चित रूप से इससे आम लोगों का भी पुलिस के अपराधियों पर नकेल कसने की प्रतिबद्धता को लेकर भरोसा बढ़ा है। उत्तर प्रदेश सरकार शुरू से राज्य में अपराध मिटाने को लेकर संकल्पबद्ध है। ऐसे में उससे यह अपेक्षा बनी हुई है कि वह अपराधियों को किसी भी रूप में राजनीतिक चश्मे से देखने का प्रयास नहीं करेगी।

## पारिवारिक विवाद के चलते तनाव में पुल से कुदी महिला



मीरारोड : एक चौंकाने वाली घटना में एक २१ वर्षीय महिला ने गुरुवार शाम भायंदर में फ्लाईओवर पुल से कूदकर खुद को और अपने १८ महीने के बच्चे को मारने की कोशिश की। हालांकि, ड्यूटी पर तैनात दो यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा दिखाई गई सतर्कता की बदौलत दोनों को नजदीकी अस्पताल ले जाने के बाद समय पर इलाज के कारण बचा लिया गया। घटना की सूचना शाम करीब साढे.पांच बजे भायंदर के पूर्व और पश्चिम को जोडऩे वाले फ्लाईओवर पुल से मिली। एक महिला अपनी गोद में बच्चे के साथ पुल की रेलिंग पर बैठी हुई है। मैं और मेरे सहयोगी गणेश ताटे तुरंत मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक वह कूद चुकी थी। हम नीचे उतरे तो महिला और डेढ़ साल की बच्ची को जमीन पर पडे.देखा। दोनों जीवित थे। उन्हें तुरंत पास के भारत रत्न पंडित भीमसेन जोशी (टेम्बा) सिविल अस्पताल ले गए और उन्हें भर्ती कराया, पुलिस कर्मी सिद्धार्थ भालेराव ने कहा। बच्चे के पैर में फ्रैक्चर हुआ है, वहीं महिला के कमर में फ्रैक्चर और चोटे आयीं है जिसके कारण वह बेहोश हो गयी थी। उनका इलाज चल रहा है। सिविल सर्जन- डॉ. जफर तडव़ी ने कहा। मीरा रोड के साईं बाबा नगर की रहने वाली महिला की २०२१ में शादी हुई थी। हालांकि, उसके इतना बडा कदम उठाने के पीछे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। वैसे सूत्रों की माने तो वह पति के साथ झगड़े के बाद घर से बाहर निकली थी। आगे की जांच भायंदर पुलिस कर रही है।

# मिरा भाईंदर शहर में पानी की किल्लत, प्रशासन के कागजी वादे

**जेकेएस संवाददाता**

भाईंदर : पानी की लगातार बढती मांग को पूरा करने के लिए मीरा-भायंदर के नागरिकों को अतिरिक्त पानी के लिए अब और भी लंबा इंतजार करना पड़ सकता है. क्योंकि, इस शहर में सूर्या क्षेत्रीय जल आपूर्ति योजना से पानी पहुंचाने वाली पाइपलाइन ही नहीं बिछी है। हालही में, मीरा भायंदर महानगर पालिका ने ४२५ करोड़ का टेंडर निकाला है, जिसमे कम से कम ढ्राई साल का वक़्त लग सकता है। ऐसे ही ये योजना कई साल से विलम्ब होते जा रही है। सूर्या क्षेत्रीय जल आपूर्ति योजना परियोजना मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा कार्यान्वित की जा रही है और एक दशक से अधिक समय से काम चल रहा है। परियोजना को दो महानगर पालिकाओं-वसई विरार महानगर पालिका और मीरा भायंदर महानगर पालिका को प्रतिदिन ४०३ मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें २७ और गांवों का समावेश है। अब जाकर एमबीएमसी ने पानी की पाइपलाइन बिछाने के लिए टेंडर मंगाया है। चेना गांव की पहाडी से एमबीएमसी को करीब ४२५ करोड. रुपये खर्च कर वितरण लाइन बनानी होगी। अब सवाल ये उठता है की क्या प्रशासन को इस बात का इल्म नहीं था की यहाँ उसे पाइपलाइन बिछानी है। जो अब टेंडर प्रकिया में गए हैं। दूसरा सवाल ये भी है कि, क्या जो कंक्रीट रोड का काम हो गया है, उसे फिर से खोदा जायेगा। आपूर्ति पाइपलाइन को घोडबंदर रोड के साथ चेना से होटल फाउंटेन तक रखा जाएगा और उसके बाद, यह पश्चिमी एक्सप्रेस राजमार्ग के समानांतर दहिसर टोल नाका तक जाएगी। इसके लिए पाइपलाइन बिछाने का काम और आंतरिक जल वितरण नेटवर्क



से जोडऩे में कम से कम ढाई साल का समय लगेगा। अभी तक जब ये परियोजना डिले हो रही थी, तब तक डिस्ट्रीब्यूशन लाइन्स के बारे में सोचा तक नहीं गया। अब जब परियोजना तैयार हो गयी और शायद अगले महीने वसई विरार में लागू भी हो जाये तो हम डिस्ट्रीब्यूशन लाइन्स के लिए टेंडर में फँस गए है। मीरा भायंदर में लगातार प्रोजेक्ट्स को पास किया जा रहा है। पानी की कमी है, शायद यही पानी माफिया को जन्म देते हैं। पानी की मीरा भायंदर में काफी किल्लत है, तक़रीबन ५० पानी की रोज़ कमी है। वर्षों से, ये विस्तारित उपनगर पानी की कमी से जूझ रहे हैं, जिसने जल माफिया को जन्म दिया है और नागरिक इस आवश्यकता की अपनी दैनिक आपूर्ति प्राप्त करने के लिए उनकी दया पर निर्भर हैं। शहर के दोनों विधायक सहित मीरा भायंदर मनपा आयुक्त और प्रशासक ने ६ महीने में सूर्या प्रकल्प से पानी का दावा अलग अलग मंचों से कर चुके है। मेट्रोपॉलिटन कमिश्नर एमएमआरडीए एस वी आर श्रीनिवास ने कहा, फेज -१ योजना इस साल वीवीएमसी को पानी उपलब्ध कराएगी और एमएमआरडीए की परियोजना मार्च में समाप्त हो जाएगी। वसई शहर को अपनी आंतरिक वितरण प्रणाली को तेज करना होगा। इसमें हम उनकी मदद भी कर रहे हैं। चरण- शेष २१८ एमएलडी योजना आने वाले महीनों में एमबीएमसी को पानी उपलब्ध कराएगी। वीवीएमसी क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति करने के लिए सूर्या नदी (पालघर-मनोर के बीच) और वसई-विरार महानगर पालिका क्षेत्राधिकार के बीच कुल ८८ किलोमीटर की पाइपलाइन बिछाई गई है। साथ ही मेंधवानखंड में टनल बनाने का काम पूरा कर लिया गया है। तुंगारेश्वर टनलिंग पर काम चल रहा है। कुल मिलाकर, चरण १ का ९५% और पूरी परियोजना का ८२% काम पूरा होने का दावा किया जा रहा है। लेकिन इस तरह के ढीले रवैये से नहीं लगता की मीरा भायंदर को जल्द ही पानी आपूर्ति हो सकती है।

## मां-बाप के गुस्से से बचने के लिए नाबालिग लड़कियों ने लगाया पुलिस को काम पर

**जेकेएस संवाददाता**

काशिमीरा : घटना सोमवार की है जब मीरा रोड में रहने वाली तीन किशोरियाँ ने अपने माता-पिता और पुलिस को २४ घंटे तक व्यस्त रखा. तीनों किशोरियां, जो अपने घर के पास गार्डन में टहलने गई थीं, और घर आने में लेट हो गयी। माँ बाप के डांट से बचने के लिए वह स्टेशन गयी वहां से फिर रत्नागिरी जाने वाली ट्रेन में सवार हो गईं। माता-पिता द्वारा गुमशुदगी के साथ अपहरण की शिकायत दर्ज कराने के बाद, पुलिस तीनों को ढूंढ़ने निकल पड़ी। काशीमीरा पुलिस ने बताया कि तीन किशोरों के लापता होने और उनके अपहरण की शिकायतदर्ज की गयी थी. उनके मोबाइल ट्रेसेज पर लगाए गए थे, ट्रेसिंग के मुताबिक रत्नागिरी जाने वाली मांडवी एक्सप्रेस ट्रेन में उनके मोबाइल की लोकेशन आ रही थी। षळफफ पुलिस ने खेड.पुलिस की मदद से ट्रेन को कुछ देर के लिए



रोका और उसमें यात्रा कर रही तीनों किशोरियों को ढूंढ निकाला. इन नाबालिग लड़कियों, जिनकी उम्र ११, १३ और १४ साल है, से पूछताछ में पता चला कि दोपहर वे गार्डन में घूमने के लिए निकले थे. वहां उन्हें काफी टाइम हो गया, इसलिए यह सोचकर कि उसके घर जाने पर उसके माता-पिता डांटेंगे, वह मीरा रोड से सीएसएमटी रेलवे स्टेशन पहुँची और मडगाँव जाने वाली मांडवी एक्सप्रेस में सवार हो गई। काशीमीरा पुलिस को पता चला कि किशोर मांडवी एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे हैं, इसके बाद रत्नागिरी पुलिस को सूचित किया गया। रत्नागिरी से खेड.पुलिस की एक टीम ने मंगलवार दोपहर १२.०५ बजे खेड.रेलवे स्टेशन पहुंची मांडवी एक्सप्रेस को रोक दिया और उसमें यात्रा कर रही नाबालिग लड़कियों को खोजने के लिए ट्रेन की तलाशी ली. किशोरी के मिलने की सूचना काशीमीरा पुलिस को दी गई। बाद में, काशीमीरा पुलिस तीनों को आनन् फानन में काशीमीरा ले आई और किशोरियों को उनके परिवारों को सौंप दिया। अपनी ही गलती से मां-बाप के गुस्से से बचने के लिए इन नाबालिग बच्चियों ने अपने माता-पिता के साथ साथ पुलिस को भी काम पर लगा दिया था।

## पत्नी चढी पुलिस के हत्थे, पती हुआ फरार, आदमी हुआ खलास

**जेकेएस संवाददाता**

**मीरारोड** : एक मामूली सा इशू कितना बड़ा विवाद का रूप ले लेता है और कितनी ज़िंदगियां उजाड़ देता है, उसका एक उदाहरण हमें मीरा रोड में देखने को मिला। एक छोटे से झगडे और उसपे गुस्सा और आपा खो देना एक कीमती जिंदगी ले ली। पैसेज में चप्पल को रखने के इशू को लेकर मीरा रोड के नया नगर, अस्मिता डैफोडिल अपार्टमेंट में एक की हत्या हो गयी। हालांकि, कोई हत्यार का इस्तेमाल नहीं हुआ और हाथापाई में ही अफसर खत्री का निधन हो गया। पुलिस के मुताबिक, महिला ज़ैनब रुपानी(३५) को मीरा रोड पूर्व के नया नगर से गिरफ्तार किया गया, जबकि उसका पति समीर रुपानी (३५) अपने पडोसी की हत्या करने के आरोप में फरार है। मृतक की पत्नी के मुताबिक, चप्पल को पैसेज में रखने को लेकर कहासुनी



हुई, जो बाद में हाथापाई में तब्दील हो गयी. झगडे के बाद अफसर खत्री घर में आये और लेट गए उनके मुँह से झाग निकल रहा था। पुलिस के मुताबिक उनको नज़दीक के हैदरी मल्टी-स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, हैदरी चौक ले जाया गया, जहाँ डॉक्टर ने उन्हें एडमिशन से पहले ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस शरीर को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। नया नगर पुलिस स्टेशन के निरीक्षक जिलानी सैयद ने बताया कि दंपति और पीडित़ अक्सर एक दूसरे के दरवाजे के पास चप्पल रखने का आरोप लगाते हुए झगडत़े थे और इसी तरह के एक तर्क के कारण शनिवार की रात हाथापाई हो गई। उन्होंने कहा, अफसर खत्री (५४) की लडाई में लगी चोटों के कारण मौत हो गई। महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि उसका पति घटनास्थल से भाग गया। उन पर हत्या का आरोप लगाया गया है। नया नगर पुलिस स्टेशन में कपल के खिलाफ आईपीसी की धारा ३०२ और ३४ के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। रविवार को जिला सत्र न्यायालय, ठाणे के समक्ष पेश करने के बाद आरोपी महिला को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

## महिला दिवस के अवसर पर मनपा की ओर से विकलांग बच्चों की माताओं का किया सम्मान

**जेकेएस संवाददाता**

भाईंदर : मीरा भायंदर महानगर पालिका की महिला एवं बाल कल्याण समिति द्वारा १५ विकलांग बच्चों की माताओं का सम्मान किया गया। यह सम्मान उन माताओं को दिया गया, जिन्होंने उनकी देखभाल और पालन-पोषण करते हुए उन्हें प्रतिस्पर्धा की दुनिया में आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया. महानगर पालिका ने शुक्रवार को मीरा रोड के रामदेव पार्क क्षेत्र में मनपा के धम्म सम्राट अशोक बुद्ध विहार व विपश्यना केंद्र में यह कार्यक्रम आयोजित किया. मीरा भायंदर महानगर पालिका की महिला एवं बाल कल्याण समिति ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिव्यांग बच्चों की माताओं को सम्मानित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विकलांग बच्चों और उनके माता-पिता के लिए सांस्कृतिक और




मनोरंजक कार्यक्रम भी रखा गया। विधायक गीता जैन व आयुक्त दिलीप ढोले ने दिव्यांग बच्चों की माताओं को बैज व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपायुक्त कल्पिता पिंपले, ऑडिटर मंजिरी डिमेलो, विधि अधिकारी साई वडके, सिस्टम मैनेजर मनस्वी म्हात्रे, सहायक आयुक्त कविता बोरकर, प्रियंका भोंसले, कंचन गायकवाड. आदि सहित कई अधिकारी व पूर्व नगरसेवक उपस्थित थे. इस अवसर पर गणमान्य लोगों ने विशेष बच्चे की माँ के रूप में की जाने वाली देखभाल, बच्चों के लिए प्रयास करने में आने वाली चुनौतियों और कठिनाइयों की चर्चा करते हुए यह महसूस किया कि विकलांग माताओं की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। बच्चे का सर्वांगीण विकास आदि। विकलांग बच्चों की माताओं ने भी पालिका की ओर से मिले सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विकलांग बच्चों के विकास के लिए महानगर पालिका की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं व गतिविधियों की जानकारी दी गई। मनपा के महिला एवं बाल कल्याण विभाग ने अब तक महिलाओं के लिए विभिन्न उपायों को लागू किया है। खुद इंदिरा गांधी अस्पताल में महिलाओं के लिए सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध करा कर दी गई है। उक्त सोनोग्राफी मशीन के माध्यम से डॉक्टर की उचित सलाह के अनुसार महिलाओं की स्तन कैंसर की जांच संभव हो पाई है, ऐसी जानकारी कमिश्नर दिलीप ढोले ने दी। उक्त महिला भवन का निर्माण महिलाओं को सशक्त बनाने व उन्हें स्वावलम्बी बनाने के उद्देश्य से किया गया है। तत्पश्चात बताया गया कि महिला एवं बाल कल्याण विभाग के माध्यम से महिलाओं को विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसका उद्देश्य क्लॉथ बैग मेकिंग, मेहंदी और नेल आर्ट ट्रेनिंग, फैशन डिजाइनिंग, ड्राइविंग, बेसिक कंप्यूटर टैली ट्रेनिंग, जूडो कराटे प्रशिक्षण, ट्रेनिंग, वेब डिजाइनिंग और योगा ट्रेनिंग आदि जैसे ९ प्रशिक्षण देकर महिलाओं को सशक्त बनाया जाता है। उक्त प्रशिक्षण में अधिक से अधिक ट्रेनिंग लेने के लिए आयुक्त एवं प्रशासक दिलीप ढोले ने सभी महिलाओं को रजिस्ट्रेशन करने की अपील की।

## राजनेताओं पर ईडी के नाम का खौफ, सकते में राजनेता

मुंबई : पूर्व मंत्री हसन मुश्रीफ के यहां पिछले दो महीने में तीसरी बार ईडी ने छापा मारा है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है। इसके पहले अनिल देशमुख के यहां ईडी और सीबीआई ने १०९ बार छापेमारी की थी। हसन मुश्रीफ के यहां छापे मारकर ईडी और सीबीआई इस रिकार्ड को तोड़ना चाहती है। इससे पहले दो बार हुई कार्रवाई का क्या हुआ? उसकी जानकारी नहीं मिल रही है, यह दुर्भाग्यपूर्ण बात है। यह बात राकांपा नेता और सांसद सुप्रिया सुले ने कही। उन्होंने कहा कि विरोधियों के खिलाफ लगातार सरकारी यंत्रणा का दुरुपयोग किया जा रहा है। यह सब संविधान की



धज्जियां उड़ाकर किया जा रहा है। ऐसे में सवाल है कि देश तानाशाही की ओर बढ़ रहा है क्या? ऐसा मुझे शक होने लगा है। ईडी ने सुबह ही हसन मुश्रीफ के घर एक बार फिर छापा डाला है। उनके यहां कितनी बार छापेमारी की जानेवाली है? मुंबई हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। उस समय कोर्ट ने मत व्यक्त किया कि सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। यह बात लोगों के ध्यान में आ गई है, ऐसा मत हाईकोर्ट द्वारा व्यक्त करने के दूसरे दिन सुबह इस प्रकार के छापे डाले गए, यह आश्चर्यजनक है।

# ऑस्ट्रेलिया का कारनामा! तोड़ा दस साल पुराना रिकॉर्ड

हिंदुस्थान और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे अमदाबाद टेस्ट में कंगारू टीम ने पहली पारी में शानदार खेल दिखाया है। ऑस्ट्रेलिया बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट की पहली पारी में ४८० रन पर ऑलआउट हो गई है। ओपनर उस्मान ख्वाजा ने सबसे ज्यादा १८० रनों की पारी खेली, जबकि वैंमरून ग्रीन (११४ रन) ने अपना पहला टेस्ट शतक जमाया। कप्तान स्मिथ ने ३८ और ट्रेविस हेड ने ३२ रन का योगदान दिया।



हिंदुस्थान की ओर से रविचंद्रन अश्विन ने सबसे ज्यादा ६ विकेट लिए। अश्विन के अलावा मोहम्मद शमी को २ विकेट मिले। अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा को एक-एक विकेट। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक हिंदुस्थान ने अपनी पहली पारी में बिना कोई विकेट गंवाए ३६ रन बना लिए हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ३३ गेंदों में १७ रन और शुभमन गिल २७ गेंदों में १८ रन बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया की इस पारी की खास बात यह है कि पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया की टीम ने १० साल पुराना एक रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जो कंगारू बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा और कैमरुन ग्रीन के दम पर हुआ। जिससे ऑस्ट्रेलिया की पकड़ मजबूत हो गई है। चौथे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने एक नया कीर्तिमान बनाया है, हिंदुस्थान में ऑस्ट्रेलिया १० साल बाद ऐसी टीम बनी है, जिसने टेस्ट में १०० ओवर से ज्यादा खेले हैं। इस मामले में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को पीछे छोड़ दिया है। पहले दिन ऑस्ट्रेलिया ने ४ विकेट खोकर ९० ओवर तक बल्लेबाजी की थी, इसके बाद आज के दिन का खेल शुरू होने के बाद भी ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने संभलकर बल्लेबाजी की। ऐसे में पिछले दस साल में ऑस्ट्रेलिया भारत में सबसे ज्यादा बार १०० ओवर खेलने वाली पहली टीम बन गई है। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे टेस्ट में १६७.२ ओवर में ४८० रन बनाए। इससे पहले इंग्लैंड की टीम ने टेस्ट मैच में १०० ओवर से ज्यादा खेले थे। वहीं दक्षिण अफ्रीका की टीम भी तीन बार भारत में १०० से ज्यादा ओवर खेल चुकी है। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाज की, जिससे कंगारू टीम ने यह मुकाम हासिल किया।

# जीत की हैट्रिक!

वीमेंस प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को ८ विकेट से हरा दिया। डीवाई पाटील स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी दिल्ली १८ ओवर में १०५ रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में मुंबई ने २ विकेट के नुकसान पर १५ ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिया। मुंबई से हेली मैथ्यूज, साइका इशाक और इजाबेल वॉन्ग ने ३-३ विकेट लिए। मैथ्यूज ने दूसरी पारी में ३२ रन भी बनाए। उन्होंने ओपनर यस्तिका भाटिया के साथ ६५ रन की पार्टनरशिप की। मुंबई इंडियंस की टूर्नामेंट में यह लगातार तीसरी जीत है। दिल्ली से पहले टीम ने गुजरात और बंगलुरु को भी हराया, वहीं दिल्ली को टूर्नामेंट में पहली हार मिली। दिल्ली ने इससे पहले बंगलुरु और यूपी को मात दी थी। दोनों ही मैचों में टीम ने २०० से ज्यादा के स्कोर बनाए थे, लेकिन अब पहली बार टीम ऑलआउट हुई। १०५ रन इस टूर्नामेंट का सबसे कम स्कोर है। टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर २२३ रन भी दिल्ली के ही नाम है। टीम ने बंगलुरु के खिलाफ इसे हासिल किया था।



# तीरंदाजों को नोटिस

सिक्किम में हुए नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट (एनआरटी) में बड़ी संख्या में नहीं खेलनेवाले तीरंदाजों को भारतीय तीरंदाज संघ (एएआई) ने नोटिस जारी कर दिया है। एएआई ने तीरंदाजों से दो दिनों के अंदर टूर्नामेंट में नहीं खेलने का जवाब मांगा है। एएआई ने स्पष्ठ किया है कि साक्ष्यों के साथ संतोषजनक जवाब नहीं देनेवाले तीरंदाजों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, तीरंदाजी संघ ने अभी यह स्पष्ठ नहीं किया है कि कार्रवाई किस तरह की होगी। टूर्नामेंट में नहीं खेलनेवालों में शीर्ष तीरंदाज भी शामिल हैं, इनमें कई एशियाई खेलों की टीम में चयनित हुए तीरंदाज भी हैं। टूर्नामेंट के लिए एशियाई खेलों की टीम में चयनित हरियाणा की भजन कौर, अदिति जायसवाल, यूपी की साक्षी चौधरी, पंजाब की अवनीत कौर, परनीत कौर ने भी एंट्री दी थी, लेकिन ये सभी तीरंदाज भी नहीं पहुंचे। ज्यादातर तीरंदाजों का कहना है कि एएआई ने इस तरह का कैलेंडर बनाया है, जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। एक के बाद एक टूर्नामेंट रखे हैं। ऐसे में वे इतनी जल्दी सभी टूर्नामेंटों में नहीं खेल सकते हैं। टूर्नामेंट के आयोजन में कुछ अंतराल होना चाहिए। सिक्किम से ठीक पहले जयपुर में एनआरटी थी।



# फ्रॉड फोन पे वाले का आया फोन कॉल, सायबर सेंधमारों ने कर दिया खाता खाली

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : बैंकों एवं पुलिस द्वारा बार-बार आगाह किए जाने के बाद भी लोग अजनबियों से अपने बैंक एकाउंट, डेबिट-क्रेडिट कार्ड का नंबर, पासवर्ड, ओटीपी आदि शेयर करते हैं और ठगी का शिकार बनते हैं। ऐसे ही एक मामले में एक २१ वर्षीय युवती को ठगनेवाले दो ठगों को जोगेश्वरी पुलिस ने बिहार के मुंगेर जिले से गिरफ्तार किया है। बता दें, जोगेश्वरी-पूर्व स्थित मजासवाड़ी निवासी २१ वर्षीया अनुप्रिया टेंबुलकर (बदला हुआ नाम) ३ दिसंबर २०२२ को उनके मोबाइल पर मोबाइल क्रमांक ९३३०३३११४५ व ६२९६०७९५२१ से कई बार फोन आया। फोन करनेवालों ने खुद को फोन पे और बैंक ऑफ महाराष्ट्र का प्रतिनिधि बताया तथा अनुप्रिया से उनके बैंक खाते व डेबिट कार्ड की जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद अनुप्रिया के मोबाइल पर बैंक से पैसे निकलने के मैसेज आने लगे। बताया जा रहा है कि ठगों ने अनुप्रिया के खाते से २,७०,००० रुपए निकाल लिए। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद जोगेश्वरी पुलिस के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सतीश तावरे ने डीसीपी महेश्वर रेड्डी के मार्गदर्शन तथा पीआई सतीश चाबुकस्वार के नेतृत्व में सायबर सेल विभाग की पीएसआई सुनीता भोसले की टीम को मामले की छानबीन की जिम्मेदारी दी। उक्त टीम ने आरोपियों के मोबाइल नंबर और पीड़िता के बैंक खाते से हुए व्यवहार के तकनीकी विश्लेषण के बाद गन सिटी के नाम से मशहूर मुंगेर जिले से दो आरोपियों को कड़ी मशक्कत के बाद दबोच लिया कोर्ट ने आरोपियों को १४ मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।





# घरवाले प्रेम विवाह में बने रोड़ा, नाबालिग प्रेमी जोड़े ने पहाड़ी से कूदकर दम तोड़ा

मुंबई : प्रेम विवाह के लिए घरवालों द्वारा मना किया तो नाबालिग प्रेमी जोड़े ने पहाड़ी से कूदकर आत्महत्या कर ली। यह घटना शनिवार दोपहर की है। आत्महत्या करनेवाली लड़की १६ वर्ष और लड़के की उम्र २१ वर्ष बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, कांदिवली के जानूपाड़ा इलाके में युवक-युवती आस-पास में रहते थे। युवक की पहचान आकाश झटे के रूप में हुई। वह हाउसकीपिंग का काम करता था, जबकि लड़की पढ़ाई करती थी। दोनों का काफी समय से प्रेम था। दोनों प्रेम विवाह करना चाहते थे लेकिन दोनों के परिवारों ने शादी कराने से इनकार कर दिया था। इससे प्रेमी जोड़ा काफी नाराज था। इस बीच शनिवार दोपहर १२.३० बजे पुलिस को सूचना मिली कि जानूपाड़ा खदान में दो लोगों की लाश पड़ी है, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। समतानगर पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला कि वह उसके दोस्त के साथ कहीं गई थी। पहाड़ी से कूदकर जान देनेवाले लड़के ने जाते समय मैसेज किया कि मैं जा रहा हूं और अब कभी लौटकर नहीं आऊंगा।

# ट्रांसफॉर्मर विस्फोट में एक ने तोड़ा दम



ठाणे : टोरेंट पॉवर के अंडरग्राउंड केबल में लगी आग से एक भयंकर विस्फोट के साथ ट्रांसफॉर्मर फट गया। ट्रांसफॉर्मर के मलबे की चपेट में आकर एक युवक की जहां मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की खबर मिलते ही दमकल विभाग, पुलिस तथा आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और बचाव कार्य शुरू कर दिया। घायल युवक को अस्पताल भेज दिया गया है। मनपा आपदा प्रबंधन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार की सुबह करीब सवा ६ बजे शील फाटा स्थित हनुमान होटल के पास टोरेंट पॉवर द्वारा बिछाए गए एक अंडरग्राउंड बिजली के केबल में आग लग गई। केबल में लगी आग बड़ी तेजी के साथ बगल स्थित ट्रांसफॉर्मर तक पहुंच गई, जिससे उसमें आग लग गई और एक भयंकर विस्फोट के साथ ट्रांसफॉर्मर फट गया। ट्रांसफॉर्मर के बगल आर के टायर नामक एक दुकान है, दुकान में ३५ वर्षीय विशाल सिंह सो रहे थे। विस्फोट के साथ ट्रांसफॉर्मर का मलबा सो रहे व्यक्ति पर गिरा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई, वहीं एक अन्य युवक मलबे की चपेट में आकर बुरी तरह से घायल हो गया है।

# संतान के लिए किया मासूम का अपहरण यूपी के लखनऊ से आरोपी गिरफ्तार

मुंबई : संतान नहीं होने पर गोवंडी के बैगनवाड़ी से एक दो वर्षीय बच्चे का अपहरण किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में एक व्यक्ति को उत्तर प्रदेश के लखनऊ से शिवाजी नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही उसके चंगुल से बच्चे को मुक्त कराकर उसके माता-पिता के हवाले कर दिया गया है। शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अर्जुन रजाने ने बताया कि गोवंडी के बैगनवाड़ी से दो साल के बच्चे के अपहरण की शिकायत महिला पुलिस उपनिरीक्षक जया सालुंखे ने दर्ज की थी। अज्ञात अपहरणकर्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने पर निर्भया पथक की पुलिस उपनिरीक्षक रेखा दिघे ने बच्चे की फोटो लेकर इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। उसी दौरान सहायक पुलिस निरीक्षक नवनाथ काले ने घटनास्थल और विभिन्न इलाकों पर लगे सीसीटीवी वैंमरों को खंगाला तो वैंमरे में एक व्यक्ति को बच्चे को लेकर एक ऑटो रिक्शा में बैठकर चेंबूर की तरफ जाते हुए देखा गया। सीसीटीवी वैंमरे की मदद से आरोपी की शिनाख्त की गई तो पता चला कि आरोपी कड़िया का काम करता है। इसके बाद ही पुलिस द्वारा आरोपी का मोबाइल नंबर और गांव का पता निकाला गया। उसके आधार पर पुलिस उत्तर प्रदेश के लखनऊ पहुंची। शिवाजी नगर पुलिस ने लखनऊ में रेलवे और लोकल पुलिस की मदद से जाल बिछाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और बच्चे को सुरक्षित रेक्सयू कर आरोपी के साथ मुंबई लाकर घर वालों को सौंप दिया। डीसीपी हेमराज राजपूत ने बताया कि आरोपी को कोई संतान नहीं थी इसीलिए उसने बच्चे का अपहरण किया था। फिलहाल, वह चेंबूर के लोखंडे मार्ग इलाके में रहता है लेकिन इससे पहले वह बैगनवाड़ी के रोड नंबर १२ पर रहता था और घर बनाने का काम करता था। पुलिस उसे गिरफ्तार कर आगे की जांच कर रही है।


























## भाईजान से आगे गदर



२१ साल बाद एक बार फिर से तारा सिंह और सकीना की जोड़ी बड़े पर्दे पर दिखने वाली है। लगता है कि २१ साल बाद गदर एक बार फिर थिएटर्स में गदर मचाने में सफल होगी। इस साल आगामी ११ अगस्त को फिल्म गदर का दूसरा पार्ट सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रहा है, जिसे लेकर लोगों में बहुत ज्यादा एक्साइटमेंट है। बता दें कि गदर-२ से पहले सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान २१ अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देनेवाली है। वैसे तो पैंस सलमान की इस फिल्म का भी काफी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि इस फिल्म में साउथ के दिग्गज एक्टर रामचरण नजर आनेवाले हैं, साथ ही इस फिल्म से शहनाज गिल भी अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं। वैसे बुकमाईशो में लाइक्स के मामले में सलमान की फिल्म गदर-२ से काफी पीछे है। इस प्लेटफॉर्म में किसी का भाई किसी की जान को खबर लिखे जाने तक १६.३ हजार लाइक्स मिले हैं, जबकि गदर-२ को ३४.१ हजार लोगों ने लाइक किया है। बात करें शाहरुख खान की फिल्म जवान की तो ये २ जून को रिलीज होगी और बुकमाईशो में इसे अब तक ४१.१ हजार लाइक्स मिले हैं।

## भोला का क्या होगा

बॉलीवुड फिल्मों का हाल पिछले कुछ दिनों से खस्ता ही चल रहा है। ऐसी कई फिल्में आईं , जिन्हें प्रमोशन के दौरान दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला लेकिन बॉक्स ऑफिस पर वे फ्लॉप हो गईं। ऐसे में इन फ्लॉप फिल्मों का हश्र देखते हुए अजय देवगन की आनेवाली फिल्म भोला को लेकर अब यही सवाल किया जा रहा है कि आखिर भोला का क्या होगा? यह फिल्म ऑडियंस को कितनी भायेगी यह कह पाना अभी जरा मुश्किल है। बता दें कि इसी महीने दो हिंदी रीमेक शहजादा और सेल्फी जबरदस्त तरीके से पिट चुकी हैं। दोनों ही फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर बेहद बुरा हश्र हुआ। ऐसे में इन फ्लॉप होती फिल्मों को देखते हुए भोला स्टार्स को भी यही डर सता रहा है। हालांकि, भोला पर हर किसी की निगाहें टिकी हुई हैं। बॉलीवुड के लिए भी ये फिल्म बेहद अहम है। खैर, भोला के ट्रेलर को तो खूब पसंद किया जा रहा है। लेकिन आनेवाले ३० मार्च को यह पता चल जाएगा कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पिटेगी या हिट होगी: वैसे बता दें कि भोला साउथ की फिल्म कैथी का हिंदी रिमेक है।



## आलिया नहीं, अनुष्का पसंद

हाल ही में रणबीर कपूर अपनी आनेवाली फिल्म तू झूठी, मैं मक्कार के प्रमोशन के लिए इंडियन आइडल के मंच पर पहुंचे थे, जहां उन्होंने कंटेस्टेंट के साथ जमकर मस्ती की। इसी बीच रणबीर ने कुछ ऐसे खुलासे किए, जिन्हें सुनकर हो सकता है आलिया थोड़ी नाराज हो जाएं। दरअसल, शो में एक कंटेस्टंट ने उनसे पूछ लिया कि उनका पसंदीदा को-स्टार कौन है? इस सवाल पर रणबीर ने पहले तो कह दिया कि मुझे अपने घर वापस जाना है, इस वजह से मैं ये नहीं बता सकता। लेकिन मैंने अब तक शूटिंग सेट पर जिस को-स्टार के साथ सबसे ज्यादा एन्जॉय किया है, वह अनुष्का शर्मा हैं। वह मेरी बहुत ही अच्छी दोस्त भी हैं। हम दोनों एक-दूसरे का खूब मजाक उड़ाते हैं और मुझे उनके साथ काम करने में बहुत मजा आता है। रणबीर के इस जवाब से अब आलिया का रिएक्शन देखना बेहद दिलचस्प होगा।





## काशीबाई की खलबली

बाजीराव की काशीबाई प्रियंका चोपड़ा हर इवेंट में ग्लैमरस अंदाज में नजर आती हैं। उनकी स्टाइल, उनके कपड़े हमेशा चर्चा का विषय रहते हैं। हाल ही में एक इवेंट में एक्ट्रेस का डिफरेंट लुक देखने को मिला। उनके बोल्ड लुक ने सभी के दिल की धड़कनों को बढ़ा दिया है।

## नशीली आंखें और जुल्फों का जादू

कैटरीना कैफ हमेशा से अपने सटल मेकअप के लिए इंडस्ट्री में पहचानी जाती हैं। एक्ट्रेस ने अपनी नई फोटोज से इंस्टाग्राम को रंगीन बना दिया है। एक्ट्रेस ने हाल ही में ऑल डेनिम लुक में अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं। फोटोज में एक्ट्रेस डेनिम शर्ट के साथ शॉर्ट्स कैरी किए दिख रही हैं। एक्ट्रेस ने नई फोटोज में डेनिम शर्ट के नीचे व्हाइट टॉप पहना है, फिर एक्ट्रेस ने रग्ड डेनिम शॉर्ट्स के साथ अपना लुक पूरा किया है। इन तस्वीरों में गौर करनेवाली बात उनकी नशीली आंखें हैं, जिन्होंने फैंस को अपना दीवाना बना दिया है। कैट के खुले बाल उनके लुक में चार चांद लगा रहे हैं। एक्ट्रेस ने इन फोटोज के साथ कैप्शन भी लिखा है, ॐपैकअप के बाद पोज करते हुए छोटा-सा पोस्ट। कैटरीना की फोटोज फैंस के बीच खूब पसंद की जा रही हैं।



# हसन मुश्रीप को मिली राहत और सोमैया को लगा झटका

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : कोल्हापुर के राकांपा नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री हसन मुश्रीफ को शुक्रवार को मुंबई उच्च न्यायालय ने बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि पुलिस उनके खिलाफ फिलहाल किसी तरह की कार्रवाई न करे, वहीं इस तरह के आदेश के बाद मामले में उछल कूद करनेवाले भाजपा नेता किरीट सोमैया को जबरदस्त झटका दिया है। उच्च न्यायालय ने पुणे के प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश को निर्देश दिया है कि किरीट सोमैया ने मुश्रीफ के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी और पुणे सत्र न्यायालय के आदेश की प्रमाणित प्रति कैसे प्राप्त की, इसकी गहन जांच की जाए। ऐसे में राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने के लिए अकारण बवाल मचाना सोमैया को बहुत महंगा पड़ा है। हसन मुश्रीफ के खिलाफ कोल्हापुर के मुरगुड पुलिस थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया। उसके बाद ईडी के मामले में नाहक फंसाने की कोशिश शुरू हुई। उस पृष्टभूमि पर कार्रवाई को स्थगन के साथ ही एफआईआर रद्द करने की मांग करते हुए मुश्रीफ के वकील एड. प्रशांत पाटील के जरिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और न्यायमूर्ति शर्मिला देशमुख की खंडपीठ ने उनकी याचिका पर गंभीरता से संज्ञान लिया। इस मामले में शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान वरिष्ट वकील आबाद पोंडा ने कड़ी दलीलें दीं और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया। इसके साथ ही ईडी और किरीट सोमैया की ओर से इस मामले में शुरू गड़बड़ी को खंडपीठ के संज्ञान में लाया। इसे एक राजनीतिक साजिश होने का दावा उन्होंने बरकरार रखा। उनके तर्कों के बाद पुलिस का पक्ष रखने खड़े हुए अतिरिक्त सरकारी वकील वाई. पी. याग्निक ने संक्षेप में कहा कि पुलिस किसी की ओर से काम नहीं कर रही है। इस पर खंडपीठ ने उन पर सवालों की झड़ी लगा दी और उनकी बोलती बंद कर दी। खंडपीठ ने पुलिस जांच में विसंगतियों और सोमैया की लिप्तता की ओर इशारा किया। वहीं इस दौरान मुश्रीफ के खिलाफ एफआईआर को पुलिस ने अभी तक आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड नहीं किया है। यहां तक कि मुश्रीफ को भी एफआईआर की कॉपी नहीं दी गई। लेकिन उसी एफआईआर की प्रमाणित प्रति अगले ही दिन सोमैया के ट्विटर अकाउंट पर दिखाई दी, जिसे अदालत के संज्ञान में लाया गया। इस पर संज्ञान लेते हुए पीठ ने पुणे के प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश को मामले की गहन जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसलिए सोमैया की दिक्कतें बढ़ गई हैं।



# लव जिहाद के मुद्दे पर भिड़े सत्तापक्ष-विपक्ष

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : महाराष्ट्र विधानसभा में लव जिहाद के मुद्दे पर कल सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष भिड़ गए। लव जिहाद पर चल रही गर्मागर्म बहस में शिंदे गुट के मंत्री गुलाबराव पाटील ने स्वीकार किया कि दुबई में लड़कियां बेची जाती हैं। पाटील ने कहा कि मेरे गांव में भी इस तरह की दो घटनाएं हुई हैं। उन्होंने आव्हाड से कहा कि आप मुंब्रा में रहते हैं और उनके वोट चाहिए इसलिए इस तरह की बातें मत बोलिए। जिसकी बेटी जाती है, उसके सामने आत्महत्या के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता। आपको पता नहीं है कि दुबई ले जाकर लड़कियों को बेचा जाता है। वोटों के लिए इस तरह की बात कहने की हम निंदा करते हैं। लव जिहाद के मुद्दे पर शुक्रवार को विधानसभा में सत्तापक्ष और विपक्ष में भिड़ंत हो गई। दरअसल, महिला एवं बाल विकास मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा ने कहा था कि महाराष्ट्र में लव जिहाद के एक लाख से ज्यादा मामले हुए हैं। राकांपा के जितेंद्र आव्हाड ने इस आंकड़े पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य में अंतरधर्मीय विवाह के मामले तीन हजार से कुछ ज्यादा हैं, ऐसे में



लोढ़ा एक लाख का आंकड़ा कहां से लाए? भाजपा के योगेश सागर ने कहा कि जितेंद्र आव्हाड अपने मुंब्रा के मतदाताओं को खुश करने के लिए इस बयान को धर्म से जोड़ रहे हैं। मंत्री लोढ़ा ने किसी धर्म विशेष का जिक्र नहीं किया था, वहीं सपा के अबू आसिम आजमी ने कहा कि झूठे आंकड़े देने के लिए लोढ़ा को सदन में माफी मांगनी चाहिए। लव जिहाद जैसी किसी चीज का अस्तित्व नहीं है। इसके बाद भाजपा और शिंदे गुट के विधायकों ने इस मुद्दे पर आक्रामक रुख अपनाया। भाजपा के आशीष शेलार ने कहा कि हम किसी हिंदू महिला पर अत्याचार होने पर चुप नहीं बैठेंगे। एक भी मामला हुआ तो हम आवाज उठाएंगे। शेलार ने कहा कि आजमी माफी मांगने की बात कह रहे हैं लेकिन वे माफी क्यों मांगें? एक हिंदू महिला के अधिकारों की बात करने पर उन्हें माफी मांगने को कहा जा रहा है। विधानसभा में विपक्ष के नेता अजीत पवार ने कहा कि इस विवाद को यहीं खत्म किया जाए और नियम ९३ के तहत चर्चा की इजाजत दी जाए।

# चंदे पर हुई मारामारी

मुंबई : होली के दिन चंदा कम दिए जाने पर एक दुकानदार सहित दो लोगों की बुरी तरह पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद तुर्भे एमआईडीसी पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तुर्भे एमआईडीसी पुलिस ने दुकानदार के साथ मारपीट करने के आरोप में साईराज चव्हाण, सुरेश चव्हाण, नरेश काटे और अविनाश चव्हाण के खिलाफ शिकायत दर्ज की हैं। पीड़ित प्रेमचंद साहू की हनुमान नगर में प्रेम मनी ट्रांसफर नाम से दुकान है। होली के दिन आरोपी दुकान पर आए और जबरन होली का चंदा मांगा। पैसे ज्यादा न होने पर साहू ने ५० रुपए का चंदा दिया। लेकिन आरोपियों ने ५० रुपए लेने से मना कर दिया और साहू से बहस करने लगे। बहस बढ़ने पर चारों ने साहू को दुकान से बाहर ले जाकर पीटना शुरू कर दिया। आरोपी ने उसके पास किसी नुकीली चीज से वार किया, जिससे साहू की कलाई से खून बहने लगा। आरोपी यहीं नहीं रुके, उन्होंने साहू की दुकान में तोड़फोड़ की। घायलों को इलाज के लिए वाशी स्थित मनपा अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में अब तुर्भे एमआईडीसी पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से चार लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर जांच में जुट गई है।



# स्ट्रोक कर रहा है सर्जिकल स्ट्राइक! हर चार मिनट में एक की हो रही है मौत

मुंबई : हिंदुस्थान में स्ट्रोक सर्जिकल स्ट्राइक कर रहा है। देश में जहां हर ४० सेकेंड में एक व्यक्ति ब्रेन स्ट्रोक का शिकार हो रहा है, वहीं प्रत्येक चार मिनट में एक व्यक्ति की मौत स्ट्रोक के कारण हो रही है। ब्रेन स्ट्रोक हिंदुस्थान में मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। यह जानकारी दिल्ली एम्स के न्यूरोलॉजी विभाग की प्राध्यापक डॉ. एम.वी. पद्मा श्रीवास्तव ने दी है। उन्होंने देश के गरीब क्षेत्रों में स्ट्रोक की देखभाल और स्ट्रोक के संसाधनों की कमी के मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि हिंदुस्थान में हर साल ब्रेन स्ट्रोक के लगभग १.८५ लाख मामले सामने आते हैं। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज के अनुसार, हिंदुस्थान में लगभग ७०.९ प्रतिशत स्ट्रोक से होनेवाली मौतें स्ट्रोक के कारण होती हैं, जबकि ७७.७ प्रतिशत विकलांगता का कारण बनती हैं। ये आंकड़े हिंदुस्थान के लिए चिंताजनक हैं, क्योंकि ज्यादातर लोग अभी भी ऐसी व्यवस्था में जी रहे हैं, जिसमें अच्छे (स्वास्थ्य) संसाधनों का अभाव है। जीबीडी २०१० स्ट्रोक प्रोजेक्ट के अनुसार, २० वर्ष से कम उम्र के बच्चों में ५०.२ लाख यानी ३१ प्रतिशत स्ट्रोक के मामले दिखाई दिए हैं। ब्रेन स्ट्रोक को लेकर इस तरह की स्थिति होने के बावजूद हिंदुस्थान के कई अस्पतालों में आवश्यक बुनियादी ढांचा नहीं है, जहां इन गंभीर स्थितियों से समय रहते निपटा जा सके। देश के दूर-दराज इलाकों में इलाज के लिए पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। देशभर में विशेषकर सरकारी अस्पतालों में ब्रेन स्ट्रोक सेवाओं के कई पहलुओं की कमी है। डॉ. पद्म श्रीवास्तव ने सलाह देने हुए कहा है कि जहां स्वास्थ्य ढांचा कमजोर है, वहां ऐसे मामलों को रोकने के लिए टेलीस्ट्रोक मॉडल को हिंदुस्थान में अपनाया जाना चाहिए। डॉ. श्रीवास्तव का कहना है कि स्ट्रोक घातक हो सकता है अथवा पक्षाघात का कारण बन सकता है। इसलिए जल्द-से-जल्द इलाज कराना महत्वपूर्ण है। स्ट्रोक के उपचार के लिए गोल्डन विंडो को ४.५ घंटे माना जाता है। इसके बाद उपचार से न्यूरॉन्स को हुए नुकसान को ठीक करने में मदद नहीं मिलेगी। जब समय पर स्ट्रोक की देखभाल की बात आती है तो हिंदुस्थान को शहरी और ग्रामीण आबादी के बीच बुनियादी ढांचे की कमी का सामना करना पड़ता है।



# डेथलाइन पर चलने को मजबूर! रेलवे पुल की पटरियों से निकलते हैं ग्रामीण



पालघर : देश में ऐसे कई हिस्से हैं, जहां लोगों को नदी पार करके अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए रोजाना जान जोखिम में डालना पड़ता है। पालघर जिले में कई दशकों से ग्रामीणों को ऐसे ही जान खतरे में डालकर नदी पार करनी पड़ती है। यहां करीब ४०० मीटर डेथलाइन पर रोजाना चलना ग्रामीणों की मजबूरी है, जबकि सड़क मार्ग की मांग करते-करते कई पीढ़ियां बूढ़ी हो गईं। विकास के तमाम दावों और इंफ्रास्ट्रक्चर के सलोने सपनों के बीच वैतीपाड़ा और वाढीव बेट गांव के लोगों के लिए न तो मंजिल तक पहुंचने के लिए सड़क है और न ही नदी पार करने के लिए आज तक पुल बन सका है। बता दें कि यह दोनों गांव खाड़ी से घिरे हैं। देश की पहली चमचमाती बुलेट ट्रेन पालघर से होकर गुजरेगी लेकिन यहां के कई हिस्सों में सड़क के बुनियादी ढांचे की लगातार उपेक्षा हो रही है। दशकों से जिले के वाढीव बेट और वैतीपाड़ा गांवों के लगभग दो हजार से ज्यादा निवासियों को निकटतम रेलवे स्टेशन तक पहुंचने के लिए पगडंडियों से होकर वैतरणा नदी पर बने रेलवे पुल को पार करना पड़ता है। इसी तरह सफाले की ओर जाने के लिए भी रेलवे ब्रिज और रेल ट्रैक से उन्हें जाना पड़ता है क्योंकि ग्रामीणों के लिए अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए अन्य कोई रास्ता नहीं है। रेलवे पुल पर पटरियों को पार करने का प्रयास करते समय कई ग्रामीणों की मौत भी हो चुकी है। ग्रामीण होनेवाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बेहतर सड़क संपर्क और एक फुट-ओवर ब्रिज की मांग कई वर्षों से करते आ रहे हैं लेकिन अभी तक उनकी सुनवाई नहीं हुई है। यह दोनों गांव शहरी क्षेत्रों से कुछ किमी की ही दूरी पर हैं लेकिन ये पूरा क्षेत्र बुनियादी सेवाओं समेत विकास कार्यों से अछूता है। ग्रामीणों की मांग को लेकर न तो सरकार ने ध्यान दिया और न ही इस क्षेत्र से चुनकर विधानसभा और लोकसभा पहुंचनेवाले जनप्रतिनिधियों ने। ऐसे में रोजाना ग्रामीणों को वैतरणा नदी पर बने रेलवे पुल के रेल ट्रैक के बीच से गुजरना पड़ता है। नदी को पार करने का ग्रामीणों के पास यही एकमात्र विकल्प है। छात्र-छात्राओं को भी स्कूल-कॉलेज जाने के लिए रेल ट्रैक के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। सड़क नहीं होने की वजह से किसी शख्स के बीमार होने पर अगर उसे अस्पताल ले जाने की जरूरत होती है तब भी ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बीमार व्यक्ति को कंधों पर लेकर अस्पताल जाना पड़ता है।

# सरकार के प्रति फेरीवालों में जबरदस्त आक्रोश

ठाणे : जिस क्षेत्र के लोगों ने एकनाथ शिंदे को लगातार चार बार विधायक चुना, अब उन्हीं एकनाथ शिंदे ने सैकड़ों परिवारों को भुखमरी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। वागले इस्टेट स्थित इंदिरा नगर, साठे नगर, अंबेवाड़ी रोड क्र. २२, ३३ पर पिछले २५ से ३० वर्ष से अधिक समय से व्यवसाय कर रहे हजारों फेरीवालों को ईडी सरकार ने व्यवसाय करने से रोक दिया है। वे अब अनशन पर बैठ गए हैं और अपनी रोजी-रोटी के लिए गुहार लगा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जबसे एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बने हैं, तभी से ठाणे शहर में फेरी का व्यावसाय करनेवालों की मानो शामत आ गई है। ठाणे शहर की चौपाटी के रूप में विख्यात शिवाजी तालाब पर पिछले २५ से ३० वर्षों से पानी पूरी, भेलपुरी आदि का व्यवसाय करनेवाले २०० से अधिक फेरीवालों को हटा दिया गया है। इसी तरह से वागले इस्टेट स्थित इंदिरा नगर, साठे नगर तथा अंबेवाड़ी आदि परिसरों में फेरी का व्यवसाय करनेवाले सैकड़ों लोगों को धंधा करने से रोक दिया गया है। इसके विरोध में इंदिरा नगर चौराहे पर अनशन किया जा रहा है। अनशन पर बैठी दर्जनों महिलाओं ने इसके लिए क्षेत्र के विधायक एवं राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जिम्मेदार ठहराया है। उनका आरोप है कि शिंदे के आदेश पर ही यह कार्रवाई की जा रही है। यह बातें खुद मनपा कर्मचारियों द्वारा कही जा रही हैं। अनशन पर बैठे पूर्व नगरसेवक सुरेश कांबले का कहना है कि जिन फेरीवालों को लाइसेंस मिला हुआ है, उन्हें भी हटा दिया गया है।



## महिला दिवस के अवसर पर महिला शक्ती ने दिखाई अपनी ताकत



भायंदर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ,भायंदर पूर्व के इंद्रप्रस्थ कंपलेक्स परिसर में स्थित पंचशील सोसायटी की तरफ से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शिल्पा देवरुखकर, अशिविनी पवार, लतिका काळे, सुरेखा चाळके, सिंधू सुतार , अमिता राउत, सुवर्णा चव्हान तथा अन्य सहयोगी महिलाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में कडी मेहनत की। श्रीमती बांदल ताई, अंजली पवार, गुरव ताई, शिल्पा चाळके आदि महिलाओं ने महिला शक्ति का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सराहनीय अभिव्यक्ति की। पंचशील सोसायटी के विश्वास जाधव, दगडु चाळके, आनंद पवार, सहदेव चव्हान, मनोज खैरे, दिगंबर सुतार आज पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा सहयोग दिया।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के शुभ अवसर पर स्नेहा पांडे ने किया ने किया कई कार्यक्रमों का आयोजन

**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती के शुभ अवसर पर नगरसेविका श्रीमती स्नेहा शैलेश पांडे और समाजसेवक शिवसेना प्रवक्ता शैलेश पांडे द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती, अंबेमाता वरिष्ठ नागरिक केंद्र और वाचनालय, आई लव यू न्यू गोल्डेननेस्ट फव्वारे के उद्घाटन समारोह,होली मिलन समारोह,हल्दी कुमकुम समारोह का भव्य आयोजन संपन्न। उद्घाटन शिवसेना राष्ट्रीय संघटक श्री अशोक तिवारी ,संपर्क प्रमुख सुरेश दुबे, भागवताचार्य बालकृष्ण महाराज, समाजसेवक श्री रत्नाकर मिश्र,राजेश सिंह,शहरप्रमुख शिवशंकर तिवारी,आचार्य सुरेश ओझा, जेबी सिंह,हरिओम पांडे,रामशरण यादव, कमलेश पांडे,पत्रकार अनिल चौहान,अरुण उपाध्याय, अनिल उपाध्याय,चेयरमैन विपिन झा , सेक्रेटरी बाबूलाल शर्मा, वॉयस चेयरमैन फूल कुमार झा,कोषाध्यक्ष आर एस यादव ,पूर्व सचिव मैथ्यू रमानी , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इंद्रलोक उपनगर के कार्यवाह गुलाब झा,आर आर यादव, रामशब्द यादव,ज्ञानी दीदी, रेनू राय,विनोद तिवारी,प्रदीप मिश्र,एवं समस्त न्यू गोल्डन नेस्ट कॉम्प्लेक्स फेडरेशन एवं सभी सेक्रेटरी,चेयरमैन, समस्त वरिष्ट नागरिकों द्वारा सैकडों नागरिकों के उपस्थिति में संपन्न हुआ। उससे पहले सुबह १० बजे छत्रपति शिवाजी महाराज का पूजन एवं आरती विधिवत मंत्रोचार से किया गया। समारोह में समाज सेवा क्षेत्र, व्यापार जगत, राजनीतिक क्षेत्र , और मीडिया क्षेत्र के सैकडों गणमान्य लोग उपस्थित हुए। अतिथियों एवम वरिष्ट नागरिकों का स्वागत स्नेहा पांडे,शैलेश पांडे, शाखाप्रमुख जे पी सिंह, बी एस पाठक, देवेंद्र सिंह, एड अरुण दुबे,विपिन झा,नितिन ओझा, अभिषेक दुबे,संजय गुप्ता आदि ने किया। राजू दुबे एंड ग्रुप ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं होली की झांकी प्रस्तुत की। फूलों की होली का भी सभी ने आनंद उठाया। नगरसेविका स्नेहा शैलेश पांडे ने कहा कि आज मैं यह जो भी विकास कार्य कर पाई वह सभी आप सभी जनता जनार्दन के आशीर्वाद के कारण ही,और भविष्य में मुझे सदैव आप सभी के आशीर्वाद और मार्गदर्शन मिलता रहेगा ऐसा मेरा पूर्ण विश्वास है।शैलेश पांडे ने कहा कि स्नेहा पांडे और वो जीवन के आखिरी सास तक समाज की सेवा करते रहेंगे,आज हमे आवश्यकता है कि हम सभी छत्रपति शिवाजी महाराज के बताए हुए रास्ते पर चले। स्नेहा पांडे ने सभी उपस्थित नागरिकों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया. स्थानीय नागरिक एवं वरिष्ट नागरिकों ने नगरसेविका स्नेहा शैलेश पांडे के विकासकार्यो एवं सामाजिक कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की एवं बधाई व आशीर्वाद दिया। समारोह का मंच संचालन साहबदीन पांडे ने किया।





## आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के लिए राम रत्ना स्कुल का एक और कदम

**भायंदर** : उत्तन विविध लक्ष्यी शिक्षण संस्थान के एक घटक के रूप में राम रत्न विद्या मंदिर, भारतीय विचारधारा की विभिन्न धाराओं और हमारे बच्चों को आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के प्रयासों का एक सच्चा संगम है, जिसमें हमारी परंपराओं और सांस्कृतिक रूप से निहित ज्ञान और ज्ञान पर प्रभावी जोर दिया गया है। इसी क्रम में राम रत्ना इंटरनेशनल स्कूल के बाद संस्था ने एक कदम आगे बढाते हुए मीरारोड भायंदर तथा दहिसर के नन्हे बच्चो के लिए रामरत्ना प्रथमा शुरू की गई है। इस नवीन विद्यालय में बतौर प्रिंसिपल प्रज्ञा परब को लगाया गया है जिन्होंने शिक्षा जगत में एक लंबा सफर तय किया है श्रीमति परब लागोस (विदेश) में शिक्षा क्षेत्र में १८ वर्षो तक सेवाए दे चुकी है। उन्होंने बताया की इस स्कूल में प्ले ग्रुप, जूनियर तथा सीनियर केजी के नन्हे बच्चो को शिक्षण देती है तथा इसके नए सत्र के एडमिशन शुरू हो चुके है जिससे मीरारोड भायंदर तथा दहिसर तक के छोटे बच्चो को लाभ होंगा बच्चो को लाने ले जाने हेतु विद्यालय प्रबंधन द्वारा बस की व्यवस्था भी है।




# बाईक रैली का हुआ आयोजन, कई लोगों ने लिया हिस्सा

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर: हिंदवी साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्मजयंती के शुभअवसर पर विधायक प्रताप सरनाईक के मार्गदर्शन में शिवसेना मिरा भायंदर शहर जिला द्वारा भव्य मोटरसाईकिल रैली आयोजन किया गया। इस रैली में सैकडो की संख्या में पदाधिकारी एवं शिवसैनिक शामिल हुये,रैली में मुख्य रूप से जिला प्रमुख राजू भोईर,जिला महिला संगठक निशा नार्वेकर,१४५ विधानसभा प्रमुख विक्रम प्रताप सिंह,१४६ विधानसभा प्रमुख श्री सचिन मांजरेकर, उत्तरभारतीय जिला संगठक श्री विद्या शंकर चतुर्वेदी,राजस्थानी सेल के जिला संगठककपिल परमार,शिवसेना के नगरसेवक,शहर प्रमुख,विभाग प्रमुख,शाखा प्रमुख समेत भारी संख्या में शिवसैनिक उपस्थित रहे।यह रैली का शुभारंभ शिवार गार्डन होकर कनाकिया, मंगलनगर, सिलवर पार्क,शांति गार्डन,शांति नगर, शांति पार्क,काशीगाँव होकर काशीमिरा में शिवाजी महाराज के पुतले पर भारी जयघोष के साथ माल्यार्पण करके समाप्त हुई।



## यातायात पुलिस की जमकर कमाई जनता की हुई जेब खाली

भाईंदर : मीरा भायंदर-वसई विरार (एमबीवीवी) पुलिस से जुडे.ट्रैफिक कंट्रोल डिपार्टमेंट (काशीमीरा यूनिट) ने अवैध पार्किंग के लिए साल के पहले दो महीनों में ३४७१ मोटर चालकों से २० लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूल किया है। जनवरी-२०२३ में जहां १९५९ मामलों में १२.३० लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया, वहीं ट्रैफिक पुलिस ने १५१२ मोटर चालकों पर फरवरी



में ८.३५ लाख रुपये का जुर्माना लगाया। इन दोनों महीनों में कुल संग्रह सामूहिक रूप से २०,६५,५०० लाख रुपये है। जैमर का उपयोग करने के अलावा, यातायात विभाग ने एक निजी एजेंसी को अनुबंधित किया है, जिसने पांच व्हीकल्स और मैनपावर दिया है। गलत पार्किंग पर बाइक के लिए २०० रुपए और कारों और तिपहिया वाहनों के लिए ३०० रुपए के टोइंग शुल्क के अलावा ५०० रूपए का जुर्माना लगता है। भारी वाहनों पर १,२०० का जुर्माना लगाया जाता है जिसमें ५०० का जुर्माना और ७०० रुपए का टोइंग शुल्क शामिल है। ट्रैफिक कॉन्स्टेबल के नेतृत्व में टीमें नो-पार्किंग जोन में खडे.वाहनों को हटाने या भीडभ़ाड.वाले इलाकों में ट्रैफिक यातायात में बाधाएं पैदा करने वाली गाड़ियों को उठाने के लिए शहर में घूमती हैं। वर्तमान में मीरा रोड में उठाये गए वाहनों को रखने के लिए मात्र दो यार्ड है।

# जब हम परमात्मा के प्रेम में रंग जाते हैं तो फिर दुनियादानरी के रंगो का हम पर प्रभाव नहीं पड़ता

**जेकेएस संवाददाता**

बदलापुर : परमात्मा पूर्ण है और इसके द्वारा प्रदत हर परिस्थिति पूर्ण है न फर्क सिर्फ हमारे दृष्टिकोण का होता है की हम उस परिस्थिति को किस भांति देख रहे हैं, उससे क्या सार निकाल रहे हैं और जीवन में हम उससे क्या सिखलाई ले रहे हैं। हमारा एक नजरिया प्राय यह होता है कि परिस्थिति यदि हमारे अनुकूल न हो तो हम परमात्मा के लिए गलत विचार मन में ले आते हैं। इसके विपरीत यदि हमारा आध्यात्मिक पहलू मजबूत हो तब हम इसे परमात्मा की रजा समझकर सहज भाव में स्वीकार कर लेते है। ऐसी ही सकारात्मक विचारधारा मन को कभी विचलित नहीं होने देती। संतो और भक्तों का सदैव यही सकारात्मक दृष्टिकोण रहा है। यह प्रतिपादन निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने दिन शुक्रवार को बदलापुर पूर्व स्थित अंबरनाथ क्रिडा संकूल में आयोजित एक दिवसीय निरंकारी संत समागम मैं व्यक्त किए। इस समागम में संपूर्ण ठाणे जिले के अतिरिक्त मुंबई, नवी मुंबई, पनवेल इत्यादि क्षेत्रों से श्रद्धालु भक्तों एवं ईश्वर प्रेमी सज्ज्नों ने हजारों की संख्या में भाग लिया। सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के युगल रूप में दर्शन पाकर सभी श्रद्धालु भक्तों के चेहरों पर छलक रही अलौकिक खुशी के भाव देखते ही बन रहे थे ।अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने औ संत समागम में सम्मिलित होकर दिव्य युगल से आशीर्वाद प्राप्त किया। सत्गुरु माता जी ने आगे कहा कि भक्तों एवं अन्य मनुष्यों की शारीरिक संरचना मैं कोई फर्क नहीं होता फिर भी भक्तों का जीवन संसार के अन्य व्यक्तियों से इसलिए अलग होता है क्योंकि भक्तों ने ब्रहमज्ञान द्वारा इस परमात्मा को जान लिया तथा अपने अंदर एक परिवर्तन को अनुभव किया और इस सुखद अनुभव के उपरांत अपना जीवन सहज रूप में व्यतीत करने लगे। ऐसे आवों से युक्त होकर जब एक भक्त अपना जीवन जीता है तो वास्तविक रूप मैं उसका नजरिया सकारात्मक हो जाता है। सतगुरु ने भक्ति के रंग का जिक्र करते हुए आगे फरमाया कि जब हम परमात्मा के प्रेम में रंग जाते हैं तो फिर दुनियादानरी के रंगो का हम पर प्रभाव नहीं पडत़ा। जिन्होंने भी परमात्मा का यह पक्का रंग अपनाया उन्होंने हमेशा आनन्दित होकर अपना जीवन जिया। भक्तों के जीवन में यदि विपरीत परिस्थितियां आई भी तब भी उन्होंने कभी इस परमात्मा से विश्वास नहीं तोडा। सदा अपना अटूट विश्वास बनाए रखा। अंत मैं सत्गुरु माता जी ने कहा कि परमात्मा के ज्ञान से हमारी शक्लों सूरत मैं कोई बदलाव नहीं होता अपितु हमारे अंतर्मन के भाव परिवर्तित होकर सकारात्मक हो जाते हैं और ऐसा. बदलाव ही जीवन में मुबारक बदलाव कहलाता है। फिर संसार में चाहे हमारी कितने ही अलग-अलग प्रकार के लोगों से मुलाकात हो जायें। उनकी सामाजिक, सांस्कृतिक पृष्टभूमि भले जो भी हो, उनका खानपान या रहन सहन भले ही अलग हो। कहने का भाव केवल यहीं की अनेक विभिन्नतायों के बावजूद भी दिल में यदि परमात्मा के साथ एकत्व बना हुआ है तो किसी के प्रति कोई भेद मन में उत्पन्न नहीं होता। सभी अपने प्रतीत होते हैं। सभी पूजनीय लगते हैं क्योंकि हर घट मे, और सृष्ठि के कण कण में इस परमात्मा का ही साकार दर्शन हो रहा होता है।



# पोर्णिमा हांडे का मुंबई पुलिस ने किया सत्कार

मुंबई। चेंबूर तिलकनगर पुलिस स्टेशन में कार्यरत महिला पुलिस सब इंस्पेक्टर पोर्णिमा हांडे द्वारा एक मामले के आरोपी को १० साल की सजा दिलवाने के चलते विश्व महिला दिवस के अवसर पर मुंबई पुलिस आयुक्त के हाथों सम्मानित किया गया। हांडे ने अपनी इस उपलब्धि पर कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है। इसके लिए उन्होंने अतिरिक्त पुलिस आयुक्त विनायक देशमुख, पुलिस उपायुक्त हेमराज सिंह राजपूत, सहायक पुलिस आयुक्त नितिन जाधव व वरिष्ट पुलिस निरीक्षक सुनील काले का आभार माना। उनकी इस उपलब्धि पर कई सामाजिक संगठन, मंडलों व व्यापारी मंडलों ने भी पोर्णिमा हांडे का अभिनंदन किया है।






स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, उप संपादक मोहम्मद अहमद निसार अहमद, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9004895944 Email :newsjankalyanseva@gmail.com wwwjankalyanseva.com; Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI